भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 2**

दिनांक 4 फरवरी, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

आईआईएफटी की शाखाएं

2. श्री सी॰ गोपालकृष्णनः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के अन्य भागों विशेषकर तमिलनाडू में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) की शाखाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का आईआईएफटी में सीटों की संख्या बढाने का भी कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी. आर. चौधरी)

(क) और (ख) वर्तमान में, सरकार का तमिलनाडु में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आई आईएफटी) की किसी शाखा की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) और (घ) वर्तमान में, संस्थान चालू वर्ष में सीटों में वृद्धि करने पर विचार नहीं कर रहा है ।

*****